04 समृद्ध भारत के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती जरूरी...



07 व्यापारियों ने मंडी शुल्क वृद्धि को तत्काल प्रभाव से नष्ट कराए जाने...





### कार चालक पर नशे में होने का आरोप लगाया

# बजरंगगढ़ के पास भीषण सड़क हादसा: गुना से शादी अटैंड कर लौट रहे चाचा-भतीजे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के बजरंगगढ़ थाना अंतर्गत गुना-आरोन मार्ग पर सेमरी घाटी के निकट शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रघुवीर यादव और उनके भतीजे बलवीर यादव के रूप में हुई है, जो आरोन के पास स्थित पड़ोसी जिला विदिशा के ग्राम ऊनारसी कलां के निवासी थे। इस हादसे के बाद से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा

मृतक के भाई माखन सिंह यादव ने बताया कि रघुवीर और बलवीर यादव शुक्रवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गुना आए हुए थे। रात को कार्यक्रम अटेंड करने के बाद, दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस अपने गाँव ऊनारसी कलां लौट रहे थे। रात करीब 2:00 बजे जैसे ही उनकी बाइक सेमरी घाटी के पास पहुँची, तभी आरोन की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार क्रमाक टढ 07 एजे 3929 ने उनकी मोटरसाइकिल को सामने से सीधी और जोरदार टक्कर मार दी।



### खेत में जा गिरे शव, मौके पर तोड़ा दम

परिजनों के अनुसार, कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही चाचा-भतीजे उछलकर सड़क किनारे दूर खेत में जा गिरे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बजरंगढ़ थाना पुलिस और परिजन तुरंत मौके पर पहुँचे, लेकिन तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि कार चालक शराब के नशे में पूरी तरह धुत्त था, जिसके कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। शनिवार सुबह दोनों मृतकों के शवों को जिला अस्पताल गुना लाया गया, जहाँ डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस हृदयविदारक घटना ने दो हँसते-खेलते परिवारों को उजाड़ दिया है।

### नानाखेड़ी से 17 वर्षीय छात्र तीन दिन से लापता, कैंट थाने में गुमशुदगी दर्ज



गुना। शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र से 17 वर्षीय मोहित अहिरवार पिछले तीन दिनों से रहस्यमय ढंग से लापता है। परिजनों की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, मोहित जैन धर्म कांटा के पास अपनी नानी के घर रह रहा था। वह 18 जून 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे बैजू चौराहा स्थित साईं कंप्यूटर कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन न तो कोचिंग पहुंचा और न ही स्कूल। लापता होने के बाद रात करीब 9 बजे उसका मोबाइल कुछ देर के लिए चालू हुआ था, पर बात नहीं हो सकी। परिजनों ने मोहित की जानकारी देने वाले को उचित इनाम देने की घोषणा की है।

युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शुरू, 650 स्वयंसेवकों को तैयार करने का लक्ष्य

# आपदा के गोल्डन ऑवर में आपकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



आपदा के समय घटना के बाद का पहला घंटा यानी ₹गोल्डन ऑवर₹ सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि इस दौरान प्रशिक्षित और जागरूक लोग सक्रियता से कार्य करें तो बड़ी से बड़ी दुर्घटना के प्रभाव को कम किया जा सकता है। यह बात कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने पीजी कॉलेज में आयोजित युवा आपदा मित्र योजना अंतर्गत स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जब हम आपदा की बात करते हैं तो हमारे मन में बड़ी घटनाओं की तस्वीर उभरती है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ऐसे समय में आगे आने वाले लोगों की संख्या बढ़े। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे स्वयं आपदा प्रबंधन की जानकारी प्राप्त करें और कम से कम 10 अन्य लोगों को भी इसके बारे में प्रशिक्षित करें। उन्होंने घर-परिवार के सदस्यों को भी आपदा प्रबंधन के मूलभूत उपाय सिखाने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया सवालों से शुरू होती है, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक प्रश्न पूछें और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करें। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्रक्रिया एवं प्रतिभागियों को प्रदान की जाने वाली आपातकालीन प्रतिक्रिया किट (ईआरके) की भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने कहा कि किसी भी प्रशिक्षण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष उसका व्यवहारिक ज्ञान होता है। पढ़ाई आवश्यक है, लेकिन वास्तविक परिस्थितियों में काम आने वाली सीख उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इस कौशल के माध्यम से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है और इससे अधिक मूल्यवान कार्य कोई नहीं हो सकता।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कामण्डेंट होमगार्ड आरके पाथरोल ने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना भारत सरकार की पहल है, जिसका संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 जिलों में यह योजना संचालित है, जिनमें गुना भी शामिल है। योजना के अंतर्गत जिले में कुल 650 युवा आपदा मित्र तैयार किए जाने हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन कार्यों में उपयोगी इमरजेंसी रिस्पॉन्स किट (ईआरके) भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कुल 650 युवा आपदा मित्र बनाए जाने हैं जिसमें एन०सी०सी के 300, एन०वाय०के के 150, एनएसएस के150 एवं स्काउट एण्ड गाईड के 50 युवा आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जाकर ईआरके (इमरजेन्शी रिस्पॉन्स किट) किट प्रदाय किया जाना है। जिसमें से प्रथम चरण में एन०एस०एस के 150 एवं स्काउट एण्ड गाइड के 25 युवा आपदा मित्रों को 20 जून से 26 जून 2026 तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# आरोन में राष्ट्रीय श्रुत स्वरांजलि प्रतियोगिता का समापन, नागपुर की धनश्री जैन विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

जैन मुनि दुर्लभ सागर महाराज की प्रेरणा से आरोन में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की श्रुत स्वरांजलि प्रतियोगिता का भव्य एवं गरिमामय समापन शुक्रवार को हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज आरोन एवं विद्या शरणम्-परिवार द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में देशभर से आए कलाकारों, साहित्यकारों, संगीतकारों एवं श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

समापन अवसर पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल, विधायक जयवर्धन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ और भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार भी कार्यक्रम में पहुंचे। प्रतियोगिता में नागपुर (महाराष्ट्र) की धनश्री जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं, गढ़ाकोटा (मध्यप्रदेश) के अंशुल जैन ने द्वितीय तथा उदयपुर (राजस्थान) के नीलेश जैन व ईशान जैन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थानीय स्तर पर आरोन के आशुतोष जैन चौधरी, खुशी भार्गव एवं अनस खान ने भी अपनी अनूठी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।



### अतिथियों ने सराहा संकल्प, बॉलीवुड हस्तियों ने किया मूल्यांकन

कार्यक्रम के अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आरोन जैसे शहर में मुनि दुर्लभ सागर जी महाराज की सन्निधि में जैन समाज ने इस राष्ट्रीय आयोजन के माध्यम से जो आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना जागृत की है, वह सराहनीय है। इससे साबित होता है कि संकल्प के बल पर किसी भी क्षेत्र को राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सकती है। तीन दिवसीय महोत्सव में देश के श्रेष्ठ कलाकारों ने लेखन, संगीत निर्माण एवं गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। अंतिम चरण में पहुंचे प्रतिभागियों का मूल्यांकन बॉलीवुड एवं संगीत जगत की प्रसिद्ध हस्तियों ने किया, जिनमें प्रसिद्ध गायक स्काय किंग आकाश जैन, हिंदी फिल्म लेखिका मनीषा कोरडे और पार्श्व गायिका आरोही अनिल आगरकर शामिल रहीं। इस दौरान विश्व प्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास की प्रस्तुतियों ने शहरवासियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### सहयोगी एवं प्रबंधकों का हुआ सम्मान

प्रचार प्रभारी सुनील झंडा ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने का प्रयास सफल रहा। समापन पर मुख्य प्रायोजक व उद्योगपति सोनू जैन, मोनू जैन, विक्की जैन (पारस परिवार) ने प्रतियोगियों और कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया।



# नीट परीक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं अभ्यर्थियों को न हो असुविधा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, नानाखेड़ी स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के लिए की गई सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर कन्याल ने परीक्षा केंद्र पर लगाए गए सभी कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच की तथा कंट्रोल रूम में पहुंचकर निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जाए।

कलेक्टर ने अभ्यर्थियों के लिए पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा कलेक्टर श्री कन्याल ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग अनुचित साधनों एवं नई-नई तकनीकों का उपयोग करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता, सजगता और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# गुना के वरिष्ठ पत्रकार लोकेंद्र सिंह को पत्रकार संघ आरोन ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

विगत दिनों गुना जिले के वरिष्ठ पत्रकार लोकेंद्र सिंह ठाकुर का ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त है।

स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह ठाकुर की स्मृति में पत्रकार संघ आरोन द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह ठाकुर एक जिंदादिल, नेकदिल और जांबाज पत्रकार थे। उन्होंने सदैव निष्पक्ष एवं जनहित की पत्रकारिता को प्राथमिकता दी। उनके व्यक्तित्व में सरलता, मिलनसारिता और समाज के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

पत्रकार साथियों ने कहा कि लोकेंद्र सिंह ठाकुर का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई करना कठिन होगा। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा में आरोन पत्रकार संघ राकेश जैन, लखन रघुवंशी, जगबीर सिंह परमार, श्याम टांडेल, छगनलाल तिवारी, शिवकुमार उपरिंग, राहुल सक्सेना, मनोजी लाल अहिरवार,अंसार खान, राजीव जैन, बंटी राजपूत, राजा मुगल सहित उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

## गोला खेड़ी में 25 जून से बहेगी रामकथा की रसधारा, तैयारियां शुरू

**गुना।** क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की भावना से ग्राम गोला खेड़ी में सात दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन 25 जून से होने जा रहा है। बमोरी तहसील के अंतर्गत कोटा रोड रेलवे फाटक के पास स्थित बड़े हनुमान मंदिर बरखा गिरी सन्यास आश्रम (पंच दशनाम आह्वान अखाड़ा) में आयोजित यह धार्मिक प्रसंग 1 जुलाई 26 तक चलेगा।

आयोजकों ने बताया कि रामकथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इस भव्य आयोजन को राष्ट्रीय संरक्षक अध्यक्ष कैवार माय काली शिला (उत्तराखंड) के यात्रापति मणिमहेश गिरी महाराज, राकेशानन्द गिरी महाराज और महंत कर मिट्टी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। यह कथा ब्रह्मलीन बरखा गिरी जी महाराज की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

समस्त ग्रामवासी और आयोजक मंडल ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों और सनातनी बंधुओं से कथा स्थल पर पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए ग्रामवासियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## भगत सिंह कॉलोनी में श्री जीण माता का मंगल पाठ 23 को

**गुना।** श्री जीण माता सेवा समिति के सानिध्य में आयोजित होने वाले मासिक मंगल पाठ का आयोजन इस बार वार्ड नं. 37, भगत सिंह कॉलोनी स्थित शिवशक्ति मंदिर में 23 जून को किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन रात्रि 8 बजे से शुरू होगा।

समिति के सदस्य घनश्याम खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गुना शहर में कुलदेवी जीण माता के लगभग 100 परिवार निवास करते हैं। समिति द्वारा समस्त जीण माता के परिवारों और धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया गया है कि वे समय पर मंदिर परिसर पहुंचकर मंगल पाठ में शामिल हों और धर्मलाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।



## 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान संपन्न

# समृद्ध भारत के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती जरूरी: सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना/बीनागंज




12 साल विश्वास के ,विकास के और जनकल्याण के अभियान के तहत भाजपा द्वारा प्राकृतिक खेती से जुडी कार्यशाला बीनागंज एवं गुना में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती से सिर्फ किसान ही समृद्व नही होगें बल्कि पूरा देश भी समृद्व होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से जैविक उत्पादो का निर्यात बढेगा जिससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा। कम पानी और कम लागत से खेती होगी जलवायु संकट से भी इस पद्वति से हम बच सकते है, प्राकृतिक और जैविक खेती से उत्पन्न अनाज जहर रहित होगा। जो स्वस्थ्य भारत और सशक्त भारत के लिए आज जरूरत है । प्राकृतिक एवं जैविक खेती हमारे पूर्वजो की ऐसी अमूल्य विरासत है जो विकसित भारत की आधारशिला रखने में सहायक सिद्ध होगी । देश के यशस्वी नरेन्द्र मोदी जी के 12 वर्षो का कार्यकाल किसानो के लिए अमृत काल जैसा रहा है। इस अवसर पर पार्टी जिस तरह से कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है वह किसानो को खुशहाल और देश को खुशहाल करने वाला है।स्वागत भाषण में जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।मुख्य वक्ता भोपाल से आए कृषि विशेषज्ञ एवं उन्नत कृषक गजराज सिंह वर्मा एवं अशोक शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती कहा कि वे पिछले दो दशकों से जैविक खेती कर रहे हैं और खेती के साथ विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पादों का प्रोसेसिंग करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं ।उन्होंने खेती में आजकल इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थों से नुकसान के बारे में बताया और इससे बचने के लिए जैविक खेती करने की सलाह दी ।जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर देश के किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है ।उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में किसान पारंपरिक रूप से खेती करते थे जिसमें उत्पादन तो हम होता था पर शुद्धता पूरी होती थी और इसी कारण पहले लोग स्वस्थ रहते थे पर आज ज़्यादा से ज़्यादा उत्पादन के लिए खेती में जहरीले रसायन और उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियाँ भी पैदा होने लगी हैं ।उन्होंने सभी से गौरक्षा और वृक्षारोपण करने की अपील की । अब समय आ गया है कि किसान भाइयों को प्राकृतिक जैविक खेती की और ध्यान देना चाहिए।

## राजस्व एवं पुलिस ने आवेदकों को दिलाया जमीन का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चाचौड़ा



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चाचौड़ा रवि मालवीय के मार्गदर्शन में गुरुवार 18 जून 2026 को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार चाचौड़ा कुलदीप सिंह जादौन, थाना प्रभारी मृगवास संदीप यादव सहित राजस्व एवं पुलिस अमला उपस्थित रहा। संयुक्त दल ने ग्राम बटावदा निवासी आवेदक जगदीश पिता गोरधन एवं सुमेर पिता चम्पालाल सहित अन्य आवेदकों की भूमि पर अनावेदकगण द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटवाया तथा संबंधित भूमि का वैधानिक कब्जा आवेदकों को दिलाया।प्रशासन की इस कार्रवाई से भूमि विवाद का निराकरण हुआ तथा आवेदकों को उनकी भूमि का अधिकार प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर पात्र व्यक्तियों को उनकी भूमि का कब्जा दिलाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### चाचौड़ा-बीनागंज नगर परिषद को मिले नए अधिकारी, सीएमओ एवं इंजीनियर ने संभाला पदभार

चाचौड़ा। नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्धेश्य से नए अधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया है। परियोजना अधिकारी गुना संजय श्रीवास्तव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। वहीं मोहित बिजौले ने नगर परिषद में इंजीनियर के पद पर पदभार ग्रहण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया ।

### प्रशासकीय स्थानांतरण में महेंद्र बौद्ध गुना पदस्थ

चाचौड़ा। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता (एई) महेंद्र बौद्ध का प्रशासकीय स्थानांतरण अशोकनगर से गुना कर दिया गया है। महेंद्र बौद्ध वर्तमान में अशोकनगर में पदस्थ थे और विभागीय कार्यों का दायित्व संभाल रहे थे। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत उन्हें गुना जिले में नई पदस्थापना दी गई है। उनके स्थानांतरण की जानकारी मिलने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। महेंद्र बौद्ध ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशासकीय स्थानांतरण के बाद वे शीघ्र ही गुना में अपनी नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। विभागीय स्तर पर उनके स्थानांतरण को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया गया है।

### सकतपुर रोड पर लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

गुना। शहर की लक्ष्मीनगर कॉलोनी (सकतपुर रोड) में त्रि-दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। यह धार्मिक आयोजन आगामी 22 जून तक पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के पहले दिन शनिवार को लव कुश मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया, जिसके बाद यह यात्रा लक्ष्मीनगर स्थित नवनिर्मित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। कार्यक्रम की श्रृंखला में दूसरे दिन रविवार को भगवान का विशेष अभिषेक अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार, 22 जून को सुबह हवन, शांति पूजन और विशाल भंडारे (प्रसाद वितरण) का आयोजन होगा, जिसके साथ ही देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न होगी। इसी दिन रात्रि 8 बजे से एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जो प्रभु इच्छा तक चलेगी। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक लखन रघुवंशी एवं गोलू ओझा अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। भजनों पर ढोलक पर संगत हरिभजन द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम में जगम्मन कुशवाह सहित कई गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

स्थापना दिवस हरिभूमि 12वां वर्ष
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
12वे स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सत्य की मशाल और जनविश्वास की पहचान हरिभूमि स्थापना दिवस पर नई ऊँचाइयों को छूता रहे, यही मंगलकामना है।
अशोकनगर हरिभूमि परिवार की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं ।
मनोज जैन
ब्यूरो चीफ
जुगल दुबे
रिपोर्टर
रामकृष्ण यादव
कम्प्यूटर ऑपरेटर

हरिभूमि
हारिभूमि के स्थापना दिवस
पर हार्दिक शुभकामनाएं
समाचारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने, जनभावनाओं को स्वर देने तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभकी गरिमा को निरंतर सशक्त बनाने में हरिभूमि का योगदान सराहनीय और प्रेरणादायी है।
सम्पूर्ण हरिभूमि परिवार को हार्दिक बधाईयां
स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हरिभूमि परिवार के समस्त पदाधिकारियों, पत्रकार साथियों एवं पाठकों को हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएँ। माँ सरस्वती की कृपा आप पर हमेशा बनी रहे।
अशोकनगर शहर का विकास हमारी पहली प्राथमिकता,
नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया विकास कार्यो ने शहर की बदली तस्वीर,
1. शहर की शिव टोरिया को सुंदर स्वरूप, माधव उद्यान आकर्षक झूले, मनोरजंन के साधन और जिम की सुविधा।
2. प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु कुण्ड का स्थायी निर्माण, इतिहास में पहली बार एवं विर्सजन घाट का निर्माण।
3. शहर के मुक्तिधाम का विकास, व्यापक जन सुविधाएं ।
4. तुलसी सरोवर का सौन्दर्यकरण।
5. शहर में नई पांच पानी की टंकियों का निर्माण, स्थायी जल समस्या का समाधान ।
6. हर वार्ड में पक्की सड़कों का निर्माण।
7. शहर के चौराहों पर फाउनटेन के साथ आकर्षक रोशनी
8. शहर की छात्राओं के लिए ई लायब्रेरी की सुविधा।
9. पुरानी गढ़ी में माधव भवन का आकर्षक लुक और बेहतर सुविधांए।
10. विजयाराजे सिंधिया चौराहे का नव निर्माण।
11. नवीन वस स्टेण्ड का अटल विहारी वाजपेयी जी के नाम पर नामकरण और सीसी सड़क।
12. शहर के बीचों बीच डिवाईडरों पर पौधारोपण के साथ हरियाली का संदेश।
13. शहर के थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए नई सब्जी मण्डी का निर्माण ।
14. स्थानीय संजय स्टेडियम का नवीनीकरण और खेल सुविधाओं का कार्य जारी।
15. शहर में साफ-सफाई के साथ स्वच्छता पर विशेष जोर।
शहर की शिव टोरिया का नया स्वरूप
स्थापना दिवस हरिभूमि 12वां वर्ष
हमारा शहर हमारा अशोकनगर
सभी से अपील शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान दें, पानी को व्यर्थ न बहाएं। समय पर कर जमा करें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
नगरपालिका परिषद परिवार अशोकनगर
नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया
नगरपालिका उपाध्यक्ष रीना शर्मा
मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान

स्थापना दिवस हरिभूमि 12वां वर्ष
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
12वे स्थापना दिवस के मौके पर
अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को हार्दिक अभिनंदन
जन-जन की आवाज, सत्य की पहचान और निष्पक्ष पत्रकारिता का सशक्त हस्ताक्षर हरिभूमि समाचार पत्र अपने स्थापना दिवस पर गौरवपूर्ण उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित करता रहे। यही मंगल भावना।
हरिभूमि का योगदान सराहनीय और प्रेरणादायी।
समाचारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने, जनभावनाओं को स्वर देने तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा को निरंतर सशक्त बनाने में हरिभूमि का योगदान सराहनीय और प्रेरणादायी है।
लेखनी सत्य, संवेदना और समाज हित की भूमिका निभाती रहे।
स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हरिभूमि परिवार के समस्त पदाधिकारियों, पत्रकार साथियों एवं पाठकों को हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएँ। माँ सरस्वती की कृपा से आपकी लेखनीसदैव सत्य, संवेदना और समाज हित के पथ पर अग्रसर रहे।
क्षेत्र का विकास
आम जनता की भलाई
यहीं मेरा मकसद
हार्दिक शुभकामनाओं सहित
अशोकनगर विधायक
इंजीनियर हरिबाबू राय

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी अभिमन्यू पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमल शाक्य ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोलुआ निवासी राहुल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष के ओर से रंजीत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रेमचंन्द, राहुल, अभिषेक और सुनीता बाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी रूपसिह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह और नीलम कुशवाह ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### महिला जैन मिलन द्वारा शास्त्र सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई

**अशोकनगर।** महिला जैन मिलन ने श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर शास्त्र सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें महिला जैन मिलन की वीरांगनाओं ने काफी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंशु जैन कांसल, द्वितीय पुरस्कार उषा जैन नेशनल, तृतीय पुरस्कार संगीता जैन को प्राप्त हुआ। अन्य वीरांगनाओं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी वीरांगनाओं ने गंज मंदिर में जाकर शास्त्रों को व्यवस्थित रूप से रखा उन पर कव्हर चढ़ाए। जिनवाणी का बहुमान किया। इसमें शाखा अध्यक्ष श्वेता जैन भोपाली,मंत्री प्रीति जैन बाबा मेडिकल, कोषाध्यक्ष अंजू कांसल, दीप्ति कांसल,अनिता महिदपुर, हर्षिता जैन, प्रीति पाली, सीमा मंगलदीप, नीतू आलीशन, रश्मि जैन, मीनू रोकड़िया उपस्थित रही।

### दो आरोपी सामान चोरी कर ले गए, केस दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत कबीरा रोड निवासी दीपक सरगैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ललित बाल्मीक और दीपक अहिरवार पॉलीटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल के अंदर से एमबे सटर गाडी का पार्ट और पुराने दस्तावेज चोरी कर ले गए।

## अशोकनगर गल्ला मण्डी में हंगामा, सीएम का भेजा गया ज्ञापन

# व्यापारियों ने मंडी शुल्क वृद्धि को तत्काल प्रभाव से नष्ट कराए जाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



स्थानीय कृषि उपज गल्ला मण्डी के व्यापारियों ने मण्डी शुल्क में की गई वृद्धि का विरोध किया है, इस संबंध में ग्रेन मर्चेन्ट एसोशियसन की ओर से एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि हाल ही में मंडी शुल्क वृद्धि संबंधी जारी की गई गजट अधिसूचना को निरस्त किए जाने की मांग की गई है। ग्रेन मर्चेन्ट एसोशियसन के अध्यक्ष अशोक जैन और सचिव राजेश पालीवाल ने बताया कि 11 जून 2026 को व्यापारी प्रतिनिधिमंडल द्वारा आपसे भोपाल में भेंट कर मंडी शुल्क वृद्धि के संबंध में अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए थे। उस समय आपके द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि अन्य राज्यों की मंडियों के आंकड़ों एवं परिस्थितियों का अध्ययन कर इस विषय पर पुनः चर्चा उपरांत उचित निर्णय लिया जाएगा।

### 23 जून को व्यापारियों ने मण्डी बंद का निर्णय लिया

किन्तु अत्यंत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि उक्त विषय पर व्यापारी संगठनों से पुनः चर्चा किए बिना ही कृषि विभाग एवं मंडी बोर्ड द्वारा गजट अधिसूचना जारी कर दिनांक 16 जून 2026 से बढ़ी हुई मंडी शुल्क दरें लागू कर दी गई हैं। इस निर्णय से प्रदेश के समस्त कृषि उपज व्यापारियों में व्यापक असंतोष एवं चिंता व्याप्त है। इसके विरोध मे प्रदेश कि सभी मंडियों में 23 जून मंगलवार को एक दिन के लिए बंद का आव्हान किया गया है।





### मण्डी शुल्क में वृद्धि से व्यापार लागत बढ़ेगी

मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडियों को अन्य राज्यों की मंडियों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। मंडी शुल्क में वृद्धि से व्यापार लागत बढ़ेगी, जिससे प्रदेश के व्यापारियों, कृषकों एवं कृषि उपज बाजार व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसके परिणाम स्वरूप व्यापार का रुझान पड़ोसी राज्यों की ओर स्थानांतरित होने की आशंका है, जिससे प्रदेश की मंडियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होगी। यदि हमारी उक्त न्यायोचित मांगों परं शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो प्रदेश के व्यापारियों में असंतोष और अधिक बढ़ेगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। हमें पूर्ण विश्वास है, कि आप प्रदेश के कृषकों एवं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस विषय में शीघ्र उचित निर्णय लेने की कृपा करेंगे।

#### ज्ञापन के बिन्दु

- (1) मंडी शुल्क वृद्धि संबंधी गजट अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से स्थगित/निरस्त किया जाए।
- (2) इस विषय पर व्यापारी संगठनों, मंडी प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के साथ व्यापक चर्चा कर पुनर्विचार किया जाए।
- (3) अन्य राज्यों की मंडी शुल्क व्यवस्था का तुलनात्मक अध्ययन कर व्यापार एवं कृषक हित में संतुलित निर्णय लिया जाए।

## कलेक्टर ने ली विभाग की बैठक

# नकली साड़ियों पर रोक लगाने के लिए चंदेरी की हर साड़ी पर जीआई टैग लगाया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में हैण्डलूम पार्क चंदेरी में एसपीव्ही एवं म.प्र. पर्यटन विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंदेरी साड़ियों के संरक्षण और विक्रय को लेकर बड़े निर्णय लिए गए।

बैठक में हथकरघा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हैण्डलूम पार्क के नाम से एक समर्पित वेबसाइट बनाई जाए। जिससे ग्राहकों को सीधे उच्च गुणवत्ता वाले असली उत्पाद मिल सकें। बैठक में बताया कि एमपीआईडीसी को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है, जो डिजाइनिंग, मार्केटिंग और प्रोडक्शन में तकनीकी सहयोग देगी। साथ ही चंदेरी साड़ी म्यूजियम और दुकान आवंटन जैसे कार्यों पर चर्चा की गई। जीआई टैग से डुप्लीकेसी रुकेगी। नगर के मास्टर वीवर्स और बुनकरों ने सुझाव दिया कि नकली साड़ियों पर रोक लगाने के लिए हर साड़ी पर जी आई टैग लगाया जाए। इसमें बुनकर का नाम, ताने-बाने का विवरण और बनाने का समय दर्ज होगा। कलेक्टर द्वारा इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे लागू करने पर बल दिया। साथ ही म प्र पर्यटन विभाग के स्थानीय नवीन गाइडो को चंदेरी पर्यटन को लेकर अत्यधिक प्रोत्साहन पर बल दिया गया एवं गाइडों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए बैठक में एसडीएम मनीष धनगर सहित हथकरघा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत सीहोर जिले के अंतर्गत ग्राम डोडी निवासी रवि मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया है जिसका नंबर एमपी 04 वायके 0949 है, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## गोपनीयता रखने एवं अनियमितता को रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतें

# नीट के सुचारू एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए कोचिंग संचालकों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में 21.06.2026 को आयोजित नीट परीक्षा 2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने हेतु थाना कोतवाली अशोकनगर में जिले के समस्त कोचिंग संस्थानों के संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान एवं उनि. भुवनेश शर्मा थाना प्रभारी देहात द्वारा कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया गया कि वह अपने संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को परीक्षा संबंधी नियमों एवं सावधानियों के बारे में जागरूक करें। साथ ही, परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया। स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा पेपर लीक, संदिग्ध गतिविधि या अवैध साधनों के उपयोग संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी जाए, जिससे समय रहते आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि कोचिंग संचालक अपने स्तर पर छात्रों को यह समझाएं कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें तथा परीक्षा को पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ दें। उक्त बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा कोचिंग संचालकों के साथ संवाद स्थापित कर उनके सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। अशोकनगर पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीट परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जा सके।



# मोबाइल विवाद में युवक ने आत्महत्या की, बहन को भेज दिया था कुल्फी लेने

## 19 वर्ष की उम्र में फांसी के फंदे पर झूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम प्राणपुर के ढाबाउ पास रहने वाले एक 19 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना शनिवार शाम लगभग 4 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही चंदेरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाजार गए थे परिजन, बहन को चकमा देकर उठाया कदम

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम प्राणपुर (पूरनपुर) निवासी गोपाल कोली का 19 वर्षीय पुत्र कुणाल उर्फ करण कोली शनिवार की शाम घर पर था। उस समय परिवार के अन्य सदस्य चंदेरी हाट बाजार में सब्जी लेने गए हुए थे। घर पर केवल कुणाल और उसकी बहन मौजूद थे। युवक ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले अपनी बहन को बहलाकर कुल्फी लेने के लिए बाहर भेज दिया। जैसे ही बहन घर से बाहर गई, कुणाल ने सूझबूझ खोते हुए टीन शेड के पाइप से फंदा बनाया और उस पर लटक गया।

### पसंद का मोबाइल न मिल पाना बना कारण

शुरुआती पूछताछ में घटना के पीछे मोबाइल का विवाद सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि कुणाल एक नया मोबाइल फोन खरीदना चाहता था, जिसके लिए परिजनों ने उसे 5000 भी दिए थे। लेकिन उसकी पसंद का मोबाइल 5000 में नहीं आ रहा था।

### किस्तों पर फोन लेने की दी थी सलाह

परिजनों और कुणाल के बीच इस बात को लेकर चर्चा भी हुई थी। परिजनों ने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा था कि वह उनके नाम पर किस्तों पर मोबाइल खरीद ले और धीरे-धीरे उसकी किस्तें चुकाता रहे। लेकिन युवक ने धैर्य खो दिया और यह खौफनाक कदम उठा लिया।

### पुलिस जांच में जुटी

जब परिजन बाजार से वापस लौटे और बहन कुल्फी लेकर घर पहुंची, तो कुणाल को फंदे पर लटका देख चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में इसकी सूचना चंदेरी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंदेरी पुलिस के अनुसार, मर्ग कायम कर मामले की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। आखिरकार युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया और वास्तविक स्थिति क्या थी, इसका सटीक पता पूरी जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# पुलिस अधीक्षक अशोकनगर ने नवनियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति आदेश के प्रमाण-पत्र प्रदान कर प्रशिक्षण के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आरक्षक भर्ती परीक्षा वर्ष 2025 में चयनित एवं जिले को आवंटित अभ्यर्थियों के संबंध में पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार दस्तावेज परीक्षण, आधार इतिहास परीक्षण, आईसीजेएस/सीसीटीएनएस सत्यापन, चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण की गई। समस्त परीक्षणों में योग्य पाए गए अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नव नियुक्त आरक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण विद्यालयों में 23.06.2026 को उपस्थित होना है। प्रशिक्षण से पूर्व नव आरक्षकों की आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें यूनिफॉर्म, शूज, ब्लेजर एवं अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। साथ ही पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के मार्गदर्शन में नव नियुक्त आरक्षकों के प्राण नंबर, एम्प्लॉयी कोड, पहचान पत्र तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों में खातों के संचालन सहित अन्य प्रशासनिक कार्यवाहियां भी पूर्ण कराई गईं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा नव नियुक्त आरक्षकों को पुलिस विभाग में उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण अवधि के दौरान पूर्ण मनोयोग एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने, ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने तथा भविष्य में विभागीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर ने सभी नव नियुक्त आरक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभाग एवं जिले का नाम गौरवान्वित करने का संदेश दिया।



# संपर्क अभियान शिविर के अंतर्गत 328 शिकायतों का निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत अशोकनगर जिले में 11 स्थानो पर शिविरों का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविरों में विल संबंधी एवं अन्य विषयों के संबंध में 385 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से 328 शिकायतो का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया।

शिविर में 127 घरेलू तथा 105 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किये गये एवं 27 उपभोक्ताओं के नाम परिवर्तन किये गये। खराब मीटरो को मौके पर ही बदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतों का निराकरण किया गया तथा ट्रांसफार्मर मेंटेनेंश भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओं से शिविर के दौरान लगभग 7.65 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरो में लगाई गई। कैम्प में उपस्थित सभी ग्रामीणो एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियो के समक्ष डिजिटल मीटर तथा स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की तुलना करने पर दोनो मीटरो की विद्युत खपत समान पाई गई। स्मार्ट मीटर के संबंध में फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी शिविर के दौरान असत्य सावित की गई। इसके साथ ही नागरिको व ग्रामवासियो को स्मार्ट मीटर लगाये जाने के फायदे भी बताये गये।



## मुख्य सचिव की अध्यक्षता के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई

# 100 दिवसीय अभियान की विभागों को हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता होने वाली आगामी बैठक की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि एजेण्डा अनुसार विभागीय जानकारी पोर्टल पर अपडेट रखी जाए। उन्होंने पिछली बैठक पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण अंतर्गत मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में कमी लाए जाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। नवीन सेम एवं मेम बच्चों का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन किया जाए। 100 दिवसीय टीवी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शत प्रतिशत स्क्रीनिंग की जाए।

उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्रामों में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों में फायर सेफ्टी,इलेक्ट्रिकल सेफ्टी का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खाद्य पदार्थो में मिलावट के प्रति चेकिंग अभियान संचालित किये जाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अंतर्गत नामांकन में वृद्धि एवं ड्राप आउट बच्चों में कमी लाये जाने के निर्देश दिए। स्कूलों को बच्चों को शत प्रतिशत पुस्तिकों का वितरण किये जाने के निर्देश दिए। सुशासन अंतर्गत नांमातरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। जिससे जिले की रेंकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में समस्त एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि योग कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से अपने-अपने क्षेत्र में कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने 21 जून को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली री-नीट परीक्षा के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर मालवीय द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण,पंचायत एवं ग्रामीण विकास,शिक्षा,सुशासन,कानून एवं व्यवस्था, पीएनजी के अंतर्गत गैस कनेक्शन की स्थिति, एमपीईसेवा पोर्टल, उल्लास साक्षरता मिशन, पांडुलिपियों का डिजिटली करण,खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण, संबल योजनान्तर्गत पंजीयन आवेदनों की जानकारी, वर्तमान में पंजीकृत निर्माण स्थलों की जानकारी सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विशेष...

# योग भगाए रोग, 59 वर्ष की उम्र में भी पूरी तरह स्वस्थ हैं ओम पुष्पद

नवीन रुण्डवाल ⏭ सारंगपुर

योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सारंगपुर के निवासी समाजसेवी ओम पुष्पद योग के माध्यम से निरोगी जीवन का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 59 वर्ष की आयु में भी वे पूरी तरह स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान हैं, जिसका श्रेय वे नियमित योगाभ्यास को देते हैं।

ओम पुष्पद पिछले लगभग 20 वर्षों से प्रतिदिन प्रातःकाल योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं। उनका कहना है कि योग ने उनके जीवन को नई दिशा दी



और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उन्हें हृदयाघात (हार्ट अटैक) हुआ था। उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार तो हुआ, लेकिन उन्होंने यह महसूस किया कि केवल दवाइयों के भरोसे स्वस्थ जीवन संभव नहीं है। इसके बाद उन्होंने योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना लिया और नियमित रूप से योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान करना शुरू किया। ओम पुष्पद के अनुसार नियमित योगाभ्यास से उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है, तनाव कम हुआ है और शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। उनका मानना है कि योग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। वे अपने आसपास के लोगों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका कहना है कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, तनाव, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण अनेक बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी उपाय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने युवाओं और बुजुर्गों से प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालने की अपील की। उनका कहना है कि नियमित योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आता है। ओम पुष्पद का जीवन इस बात का जीवंत उदाहरण है कि नियमित योगाभ्यास से बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जिया जा सकता है। वास्तव में, "योग भगाए रोग" केवल एक नारा नहीं, बल्कि निरोगी जीवन का मूल मंत्र है।

# 290 नव नियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए चक्षु-360 सीसीटीवी परियोजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण, तकनीकी सशक्तिकरण एवं क्षमता संवर्धन की दिशा में रक्षित केंद्र राजगढ़ में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 290 नव नियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। 300 टैबलेट वितरित किए गए तथा ''चक्षु-360'' सीसीटीवी परियोजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गिरीश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत पुलिस मुख्यालय से प्राप्त नवीन वाहनों एवं ''चक्षु-360'' परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों का विधिवत पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा जिले में संचालित पुलिस आधुनिकीकरण एवं तकनीकी उन्नयन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।





## संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को मजबूती

राजगढ़ नगर को सुरक्षित, आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर गिरीश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा विधायक निधि एवं नगर परिषद राजगढ़ के सहयोग से लगभग 1 करोड़ की लागत से नगर के 35 प्रमुख स्थानों पर 130 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। यह कैमरे पुलिस कंट्रोल रूम से एकीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से संचालित होंगे, जिससे अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही घटनाओं की त्वरित जांच एवं डिजिटल साक्ष्य संकलन में भी महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी।

## नव नियुक्त आरक्षकों को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित आरक्षक भर्ती वर्ष-2025 के अंतर्गत चयनित होकर राजगढ़ जिले में पदस्थ 290 नव नियुक्त आरक्षकों को कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नवीन आरक्षकों के पुलिस बल में शामिल होने से जिले में कानून-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं जनसुरक्षा संबंधी कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## 300 टैबलेट वितरित

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा राजगढ़ जिले को उपलब्ध कराए गए 300 टैबलेट कार्यक्रम के दौरान विवेचना अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों को वितरित किए गए। इन टैबलेट्स के माध्यम से डिजिटल साक्ष्य संकलन, घटनास्थल निरीक्षण, ऑनलाइन दस्तावेजीकरण तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। इससे विवेचना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं कार्य निष्पादन की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## नवीन पुलिस वाहनों का पूजन

कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय द्वारा राजगढ़ पुलिस को प्रदाय 01 ट्रक, 01 मिनी बस एवं 04 बोलेरो वाहन का विधिवत पूजन किया गया। इन वाहनों से पुलिस बल की गतिशीलता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राजगढ़ पुलिस के उन अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के माध्यम से विभाग की प्रतिष्ठा एवं गौरव में अभिवृद्धि की है। अपने संबोधन में अतिथियों ने राजगढ़ पुलिस द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण, तकनीकी नवाचार एवं जनहितैषी प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

बोवनी की तैयारी में जुटे किसान

# दो घंटे हुई झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब दो घंटे तक हुई अच्छी बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिला है। खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद किसान अब खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारी में जुट गए हैं। कई किसानों ने खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्य तेज कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी बारिश होती रही तो सोयाबीन, मक्का और अन्य खरीफ फसलों की बोवनी समय पर हो सकेगी। बारिश के दौरान बच्चों और युवाओं ने भी मौसम का आनंद लिया, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों और जलस्रोतों में पानी की आवक शुरू हो गई है। किसानों और आमजन को अब मानसून की अच्छी बारिश की उम्मीद है, जिससे कृषि कार्यों को गति मिलेगी और जल संकट से भी राहत मिलेगी।

जाम में फंसे लोग, भीड़ में जिला अध्यक्ष दावेदार की जेब से डेढ़ लाख चोरी

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत में शक्ति प्रदर्शनः मंच टूटा, नीचे गिरे पदाधिकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के शनिवार को राजगढ़ आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। शहर में जगह-जगह स्वागत मंच लगाए गए और बैनर-पोस्टरों से सड़कों को पाट दिया गया। इस दौरान खिलचीपुर नाके पर बना एक स्वागत मंच अधिक लोगों के चढ़ने से टूट गया, जिससे प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर समेत कई नेता नीचे गिर गए। हालांकि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद के एक दावेदार की जेब से डेढ़ लाख रुपए से भरा पर्स भी पार कर दिया।

**ब्यावरा नाका से खिलचीपुर नाके तक स्वागत की होड़ः** प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में होड़ दिखाई दी। ब्यावरा नाका से लेकर खिलचीपुर नाके तक दर्जनों स्वागत मंच और बैनर लगाए गए ब्यावरा, सारंगपुर, खुजनेर, सुठालिया सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजगढ़ पहुंचे। खिलचीपुर नाके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के तीन दावेदारों ने अलग-अलग मंच बनाकर स्वागत की तैयारी की थी।

**एक साथ चढ़े नेता, भरभराकर टूट गया मंचः** युमो प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत के दौरान मंच पर फोटो खिंचवाने और माला पहनाने की होड़ मच गई। इसी दौरान एक साथ बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए, जिससे मंच अचानक टूट गया। मंच टूटने से प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर सहित कई लोग नीचे गिर पड़े। राहत की बात रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

**पुलिस की मौजूदगी में लगा जाम, आम लोग परेशानः** कार्यक्रम के दौरान नेशनल हाईवे सहित खिलचीपुर नाका, ब्यावरा नाका, खुजनेर रोड और अस्पताल मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। विभिन्न दिशाओं से आने वाले वाहन एक ही स्थान पर फंस गए, जिससे लंबा जाम लग गया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यातायात व्यवस्था प्रभावित रही और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## भीड़ में जेब कटी, डेढ़ लाख रुपए से भरा पर्स चोरी

कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद के दावेदार गौरव सोनी को निशाना बनाया। उनकी जेब से करीब डेढ़ लाख रुपए से भरा पर्स चोरी हो गया। भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें घटना की जानकारी तत्काल नहीं लग सकी। बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।






स्थापना दिवस
हरिभूमि
12वां वर्ष

उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
12वे स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं







कार्तिक
सीलखेड़ा, जिला राजगढ़

वैष्णवी
सीलखेड़ा, जिला राजगढ़

के.वी. कंस्ट्रक्शन सीलखेड़ा, जिला राजगढ़

OMKAR GROUP OF COLLEGE
असतो माँ सद्गमय
Serve Humanity With Dignity

सफलतम 20 वर्षों से छात्रों के विश्वास का केन्द्र
OMKAR
GROUP OF COLLEGES

ADMISSIONS OPEN
Session 2026-27

उत्कृष्ट शिक्षा, बेहतर भविष्य की नींव

LAW COURSES

LL.B.
• Duration - 3 Years
• Elig. - Graduation (Any Subject)

B.A. LL.B.
• Duration - 5 Years
• Elig. - 12th Any Stream

B.com. LL.B.
• Duration - 5 Years
• Elig. - 12th Any Stream

Learn Today, Lead Tomorrow

MANAGEMENT COURSES

M.B.A.
• Duration - 2 Years
• Elig. - Graduation (Any Subject)

B.B.A.
• Duration - 3 Years
• Elig. - 12th (Any Subject)

PHARMACY COURSE

B. Pharma
• Duration - 4 Years
• Elig. - 12th (Bio./Maths)

Dedication to Health

NURSING COURSES

M.Sc. Nursing
• Duration - 2 Years
• Elig. - B.Sc.Nursing / P.B.B.Sc. Nursing (1 year Experience)

B.Sc. Nursing
• Duration - 4 Years • Elig. - 12th (Biology)

P.B.B.Sc. Nursing
• Duration - 2 Years • Elig. - GNM

G.N.M.
• Duration - 3 Years
• Elig. - 12th (INC एवं म.प्र. शासन के नियमानुसार)

Excellence in Education

PARAMEDICAL COURSE

D.M.L.T.
• Duration - 2 Years
• Elig. - 12th (Biology)

EDUCATIONAL COURSES

B.Ed.
• Duration - 2 Years
• Elig. - Graduation

D.El.Ed.
• Duration - 2 Years
• Elig. - 12th (Any Stream)

City Office - Omkar College, Patrakar Colony, Bajranggarh Bypass Road, Guna (M.P.) M.: 8085800330, 8827183541 8982196692, 9644208541,9827751500, 8989783082, 8223070047, 8085493541 Email: guna.omkar@gmail.com


स्थापना दिवस
हरिभूमि
12वां वर्ष
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
हरिभूमि
12वे स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश गिरी
सरपंच
सुरेश गिरी सरपंच, ग्राम पंचायत आमडोर,
विकास खंड ब्यावरा, जिला राजगढ़


DISE code: 23300137918
School code: 612065
मिनर्वा कॉन्वेंट हाई स्कूल, खुजनेर
(म.प्र. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त, माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल से संबद्ध)
ADMISSIONS
OPEN
हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को:
सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय (justice), विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता (liberty),
प्रतिष्ठा और अवसर की समता (equality), प्राप्त करने के लिए, तथा उन सब में,
व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली, बन्धुता (fraternity) बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्प लेते हैं। हम अपने जीवन की अन्तिम साँस तक इस संकल्प को पूर्ण करने का प्रयत्न पूरी ईमानदारी से करेंगे।
Address: ward no.15, Near by Krishi Upaj Mandi,
Nagar Parishad Khujner District Rajgarh Madhya Pradesh
Contact nos:
Office : 07372-292308,
Principal: 9993164308,
Head Mistress: 7987182477


Euro Kids
Right Start, Flying Start!
यूरो किड्स प्री स्कूल गुना
सफलता का पहला वर्ष Convocation Day के साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव
प्रारम्भिक शिक्षा: मजबूत भविष्य की नींव
यूरो किड्स प्री स्कूल ने अपने पहले ही वर्ष में बच्चों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया है। कहानी, गीत और खेल-खेल में बच्चों को यहाँ सिखाया जाता है, जिससे उनकी सीखने की रुचि बढ़ती है और बोलने-समझने की क्षमता बेहतर होती है। रचनात्मक खेलों और एक्टिविटीज के जरिए बच्चों के हाथ-आँख समन्वय, संतुलन और सोचने-समझने की क्षमता को मजबूत किया गया।
जहाँ सीख बने मज़ेदार, और भविष्य बने मजबूत
पहले वर्ष की शानदार सफलता का जश्न Convocation Day के रूप में मनाया। यह अवसर न केवल बच्चों की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि प्रारम्भिक शिक्षा की महत्वता और उसके दूरगामी प्रभाव को दर्शाने का भी एक महत्वपूर्ण मंच बना छोटे कदम, बड़े सपनों की शुरुआत पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को उनके प्रयासों और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।
आत्मविश्वास और सामाजिक व्यवहार
ग्रुप एक्टिविटी और मंच प्रस्तुतियों से बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल का विकास होता है । सीख के साथ विविध गतिविधियाँ संस्थान बच्चों को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें बहुआयामी विकास के अवसर देता है योग, कला एवं रचनात्मकता: ड्राइंग, रंगोली, नृत्य, संगीत पब्लिक स्पीकिंग त्योहारों और कार्यक्रमों में प्रस्तुति इन सभी गतिविधियों से बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क और रचनात्मकता का विकास होता है।
एक वर्ष की सफलता, भविष्य की बड़ी उड़ान
यूरो किड्स प्री स्कूल में हमारा मानना है कि प्रारम्भिक शिक्षा ही जीवन की असली नींव है। एक वर्ष में रखी गई यह मजबूत बुनियाद आने वाले समय में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगी। संस्थान भविष्य में भी इसी समर्पण और गुणवत्ता के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।
घर और स्कूल की साझेदारी
घर और स्कूल की साझेदारी से संस्थान ने अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया हर छोटी उपलब्धि पर बच्चों को प्रोत्साहन घर पर खेल-खेल में सीखने का माहौल स्कूल और पैरेंट्स के बीच निरंतर संवाद यह साझेदारी बच्चों के विकास को और अधिक मजबूत बनाती है।
हाइजीन और सेफ्टी
बच्चों की सेहत सर्वोपरि - यूरो किड्स प्री स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता (Hygiene) और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है अथवा क्लासरूम और प्ले एरिया की नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन बच्चों के लिए साफ-सुथरा और सुरक्षित वातावरण हैंड वॉश और पर्सनल हाइजीन की आदतों पर विशेष फोकस सुरक्षित ड्रिंकिंग वाटर और हेल्दी फूड प्रैक्टिस स्टाफ द्वारा बच्चों की नियमित स्वास्थ्य मॉनिटरिंग, संस्थान का मानना है कि स्वस्थ बच्चा ही बेहतर सीख सकता है, इसलिए हाइजीन के बारे में बताया व सिखाया जाता है।
ADMISSIONS OPEN FOR 2026-27
eurokidsindia.com
a part of LIGHTHOUSE LEARNING GROUP
EuroTots | PlayGroup | Nursery | EuroJunior | EuroSenior
Vikas Nagar, Near Maruti Suzuki Showroom, Guna (M.P.)
9406704242
muskaneurokidsguna@gmail.com


सिटी पब्लिक स्कूल
पता: शंकरपुर मगरदा रोड, अशोकनगर
CAMPUS OF IDEAL TRAINING FOR YOUNGSTERS
CPS PUBLIC SCHOOL ASHOKNAGAR
Congratulations!
ADMISSION OPEN
10वीं का परीक्षा परिणाम
95.8% SMITI RAGHUWANSHI
92% MAHIM JAIN
90.8% MADHU KUSHWAH
90.2% RIYA SAHU
89% ADITYA JAIN
87.8% NIKITA RAGHUWANSHI
85.4% ANURAG YADAV
84.8% ABHI JAIN
84% VAIDEHI SHARMA
80.8% NANCY SHARMA
सिटी पब्लिक स्कूल का दबदबा
सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत (100%)
1. प्री-प्रायमरी कक्षाओं के लिए डबल टीचर की सुविधा।, 2. कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं। 3. आकर्षक कंप्यूटर लैब की सुविधा।, 4. आधुनिक स्मार्ट क्लासेस ।, 5. वैदिक मैथ्स मैसेज स्कीम ।, 6. नर्सरी से कक्षा 10 तक सभी कक्षाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ।, 7. सीबीएसई पाठ्यक्रम से मान्यता और सभी कक्षाएं संचालित।, 8. बच्चों के लिए पीने के पानी के लिए वाटर कूलर और वॉटर प्यूरीफायर की सुविधा।, 9. बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध ।, 10. सीसीटीवी कैमरा द्वारा लगातार मॉनिटरिंग। ,11. आकर्षक खेल मैदान
प्राचार्य
सिटी पब्लिक स्कूल अशोकनगर
CITY PUBLIC SCHOOL


क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय, गुना से सम्बद्ध
म.प्र. शासन एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
IITS COLLEGE GUNA (M.P.)
तमसो मां ज्योतिर्गमय
IITS
COLLEGE
सबसे कम फीस
Professional Course
General Course
योग्यता 12वीं D.Ed.
योग्यता स्नातक B.Ed.
योग्यता 12वीं B.A.
छात्रवृत्ति सुविधा
SC, ST, OBC विद्यार्थियों के लिए
ADMISSION OPEN
चिंताहरण हनुमान मंदिर के आगे, ए.बी.रोड, गुना (म.प्र.) 473001
9926854289, 8770539524
Website: www.iitscollege.in E-mail:iitscollege@gmail.com


NATION
HIGHER SEC. SCHOOL, GUNA
OUR NATION PRIDE
NATION H.SEC.SCHOOL GUNA (M.P.)
Stream
MATHS BIOLOGY
COMM. ARTS
NURSERY TO 12TH
ENGLISH & HINDI MEDIUM
NATION HR. SEC. SCHOOL GUNA
ENGLISH & HINDI MEDIUM
Congratulations
TOPPERS 12th 2026
GAURAV DHAKAD Maths (E.M.) 93.2%
ARYAMAN DHAKAD Biology (E.M.) 92.8%
NAINA RATHORE Maths (E.M.) 89.6%
TANISHA RAJAK Maths (E.M.) 89.4%
RAMRAJ RAJAK Biology (H.M.) 88.2%
HIMANI KUSHWAH Maths (H.M.) 87.4%
RAVINA KUSHWAH Comm. (E.M.) 86.6%
TEENA SHARMA Arts (H.M.) 85%
VIVEK JATAV Maths (H.M.) 84.4%
SUHANI BHARGAVA Maths (E.M.) 84.4
PARVEZ KHAN Comm. (H.M.) 84.2%
KARMA BHILALA Arts (H.M.) 84.2%
ANKIT JATAV Maths (H.M.) 83.2%
MOHAMMAD JUNAID Maths (H.M.) 82.8%
BHUMIKA MEENA Biology (E.M.) 82.6%
ARBAZ KHAN Biology (H.M.) 80.8%
BANTI RAJAK Maths (E.M.) 79.6%
Principal
S.N. Farooqui
M.A. ( English, Geography), M. Phill, B.Ed., M.Ed.
Experience 24 Years
निरंतर 31 वर्षों से आपकी सेवा में
Admission Open
STATION ROAD GHOSIPURA GUNA, Mob.: 8989607134, +917542356865
WEBSITE: nationschoolguna.com, EMAIL ID: nationguna@gmail.com











# गांधी वोकेशनल स्वशासी महाविद्यालय में MBA, BBA पाठ्यक्रम शुरू, उच्चशिक्षा के क्षेत्र में विश्वसनीय नाम

ॐ शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति गुना ने जिले का प्रतिभाओं को उच्चशिक्षा हेतु महानगरों की ओर पलायन को रोककर जिले में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महानगरीय सुविधायें एवं संसाधन उपलब्ध कराने को लेकर आज से 26 वर्ष पूर्व गांधी वोकेशनल कॉलेज के रूप में जिस पौधे की स्थापना की थी वह आज सर्वोत्कृष्ट शिक्षण सुविधायें उपलब्ध कराने, सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम देने एवं छात्र/छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर वह गांधी वोकेशनल कॉलेज गुना जिले एवं विश्वविद्यालय स्तर पर आज विशाल बट वृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है। गॉधी कॉलेज वर्तमान में NAAC द्वारा A ग्रेड प्राप्त प्रदेश के चुनिंदा स्वशासी महाविद्यालयो में से एक है गाँधी वोकेशनल कॉलेज ने विगत 26 वर्षों से निरंतर सफलताओं के नित्य नये सोपान तय करते हुए सफलतम 27 वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। मात्र 26 वर्षों के अल्प समय में गांधी वोकेशनल महाविद्यालय ने छात्रों को शिक्षा से लेकर रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर छात्रों एवं अभिभावकों की पहली पसंद बनकर जो विश्वास एवं लोकप्रियता हासिल की है वह निःसंदेह प्रशंसनीय है इसका श्रेय उत्कृष्ट प्रबंधन के अलावा उच्च शिक्षित एवं प्रशिक्षित अनुभवी प्राध्यापकों एवं समस्त स्टॉफ को जाता है। महाविद्यालय में बी.ए. (सामान्य / कम्पयूटर), बी.कॉम. (सामान्य/ कम्पयूटर),बीबीए, एमबीए, बी.एस.सी., गणित, बायोलॉजी एवं कम्प्यूटर, एमए (हिन्दी, इंग्लिश एण्ड सोशलॉजी,M A साइकोलॉजी एवं एमएससी मैथमेटिक्स पीएचडी एजुकेशन) एम.एड., बी.एड एवं डी. एड जैसे अनेक पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। यहाँ विभिन्न



विषयों पर नियमित रूप से छात्रों, प्राध्यापकों एवं अतिथि विद्वानों द्वारा सेमिनार संपन्न किये जाते हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त वातानुकूलित कम्पयूटर प्रयोगशाला में सभी 100 से अधिक कम्प्यूटर इंटरनेट से जुडे हैं।

महाविद्यालय में एक विशाल कम्पयूटराइज्ड पुस्तकालय है जिसमें सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकों के अलावा विश्वस्तरीय विषय विशेष संबंधी लगभग 50 हजार से अधिक पत्र पत्रिकायें उपलब्ध हैं। एम. एड., बी.एड एवं डी.एड हेतु महाविद्यालय में पृथक-पृथक पुस्तकालय उपलब्ध है। पूर्णकालिक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट इकाई भी महाविद्यालय में कार्यरत् जो छात्रों के सम्पूर्ण विकास के लिये वार्तालाप कौशल, समूह वार्ता, अभिरूचि विकास तथा व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। अब तक सैकडो छात्र / छात्राओं का चयन विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कंपनियों में आकर्षक वेतन पर हुआ है। कंपनियों द्वारा अन्य शिक्षण संस्थाओं की अपेक्षा गांधी वोकेशनल महाविद्यालय के छात्रों के चयन में प्राथमिकता दी गयी है। भविष्य में अनेक ख्याति



अवधेश श्रीवास्तव
संचालक



श्रीमती सीमा श्रीमाल
संचालक



श्रीमती ज्योति राठी
संचालक



मंगलेश विजयवर्गीय
संचालक

प्राप्त कंपनियां महाविद्यालय में कॅपस आयोजित करेंगी। महाविद्यालय में सभी प्रकार के इनडोर एवं आउटडोर गेमों की सर्वोत्कृष्ट सुविधायें छात्रों को उनकी इच्छा एवं अभिरूचियों के अनुसार भाग लेने के लिये प्रेरित करती हैं। गाँधी वोकेशनल कॉलेज द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्र / छात्राओ को प्रदान की जाने वाली सर्वोत्कृष्ठ शैक्षणिक सुविधाओ एंव संसाधनो के आधार पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एंव प्रत्यानन परिषद N A C C जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC की स्वायत संस्था है ने महाविद्यालय को प्रदेश ही नही अपितु देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में शामिल करते हुये A ग्रेड प्रदान की है। महाविद्यालय संचालक श्री अवधेश श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा श्रीमाल, श्रीमती ज्योति राठी संचालक एवं श्री मंगलेश विजयवर्गीय के अनुसार क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय से संबंध,एकमात्र ऑटोनॉमस महाविद्यालय द्वारा जिले में एक मात्र गाँधी कॉलेज स्थायी संबद्धता प्राप्त है गाँधी वोकेशनल कॉलेज, जिले का एकमात्र ऐसा महाविद्यालय है जो क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय का शिक्षा शोध केन्द्र होने के साथ क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय का स्वशासी महाविद्यालय है, यह मप्र सरकार और NCTE से मान्यता प्राप्त है। भविष्य मे स्वशासी महाविद्यालय से निजी विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है। वर्तमान में महाविद्यालय द्वारा अनेक रोजगार मूलक सर्टिफिकेट एवं एक व द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। आगामी सत्रो मे महाविद्यालय की चिकित्सा, इजीनियरिंग, विधि, प्रबंधन, कृषि आदि संबंधी अनेक अन्य पाठयक्रम प्रारंभ करने की योजना है।